तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 1 अगस्त 2025

10 बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में देशभक्ति....



10 मनोज बने अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष



## खबर संक्षेप

### माइनर से अज्ञात महिला का शव बरामद

**जींद।** गांव डिडवाडा तथा भुसलाना के बीच से गुजरने वाली माइनर से अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है। मृतका के पास से ऐसा कुछ नही मिला है जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। सदर थाना पुलिस ने मृतका के शव को सफीदों नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया है। शव पीछे से माइनर में आया है। डिडवाडा तथा भुसलाना के बीच से गुजरने वाली माइनर में किसानों ने महिला को शव को तैरते देखा था।

### 32.25 ग्राम हेरोइन सहित तस्कर दबोचा

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस ने चीका से नशा तस्कर को 32.25 ग्राम हेरोइन सहित काबू करने के अतिरिक्त हेरोइन सप्लाई करने वाले पंजाब निवासी आरोपी को भी काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई गुरदान सिंह की टीम दोपहर को गश्त दौरान पटियाला रोड चीका पर मौजूद थी।

### तीन पिस्तौल-एक जिंदा कारतूस के साथ एक काबू

**जींद।** जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को काबू कर कब्जे से तीन पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपितों पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव कंडेला माइनर के पास एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते आरोपित को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

### 5 किलो 335 ग्राम चूरा पोस्त सहित एक पकड़ा

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने कलायत क्षेत्र से एक आरोपी को 5 किलो 335 ग्राम चूरा पोस्त सहित काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह की टीम गश्त दौरान बाता क्षेत्र में मौजूद थी। सहयोगी सूत्रों से पुलिस टीम को गुप्त जानकारी मिली थी।

### युवती लापता, अपहरण का मामला दर्ज

**जींद।** रोहतक रोड से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। शहर थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी कोई सुराग नही लगा। महिला ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी को अरूण अपने साथ ले गया है। शहर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अरूण के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत

**जींद।** गांव बीबीपुर के निकट सड़क हादसे में घायल हुए व्यक्ति की उपचार के मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर दूसरे बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव भकलाना निवासी अमन ने बताया कि गत 14 जुलाई को उसका पिता सुरेश बाइक पर सवार होकर जींद से घर वापस लौट रहा था। गांव बीबीपुर के निकट तेज रफ्तार बाइक ने उसके पिता के बाइक को टक्कर मार दी।

### मकान से लाखों की नकदी-गहने चोरी

**कैथल।** चंदाना गेट स्थित कानूनगो मोहल्ले में एक मकान से लाखों रुपये नकदी और गहने चोरी हो गए। परिवार किसी काम से दिल्ली गए हुआ था। बुधवार शाम को जैसे ही घर पर आए तो दरवाजों और अलमारियों का ताला टूटा हुआ मिला। पूरे घर में सामान बिखरा हुआ था। शहर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।

### प्रात: कालीन शिफ्ट लेवल 2 (टीजीटी) में 8384 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 962 रहे अनुपस्थित

# बारिश के बीच भावी गुरु बनने की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

### लेवल 1 (पीआरटी) में 3090 परीक्षार्थियों में से 2,621 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, 469 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

## परीक्षा को नकल रहित बनाने के लिए किए गए थे पुख्ता प्रबंध



जींद। परीक्षा केंद्र में जाने से पहले परीक्षार्थियों की जांच करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि





जींद। परीक्षार्थी की बायोमेट्रिक मिलान करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। सिटिंग प्लान देखते परीक्षार्थी। फोटो :हरिभूमि



जींद। परीक्षा देने से पहले बायोमेट्रिक व फेस पिक लेते कर्मी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा जिला में गुरूवार को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) दो सत्रों में करवाई गई। इस परीक्षा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। प्रातःकालीन सत्र में लेवल 2 (टीजीटी) की परीक्षा करवाई गई। जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा 30 केंद्र स्थापित किए गए थे। एचटेट की परीक्षा में प्रातःकालीन सत्र में 9, 346 परीक्षार्थियों में से 8,384 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा 962 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सांयकालीन सत्र में हुई लेवल 1 (पीआरटी) की परीक्षा के लिए 10 केंद्र स्थापित किए गए थे। जिसमें 3090 परीक्षार्थियों में से 2,621 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा 469 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के नोडल अधिकारी एसडीएम सत्यवान सिंह मान परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। प्रातः कालीन सत्र की परीक्षा 10 बजे दोहपर साढ़े 12 बजे तक करवाई गई और सायंकालीन सत्र की परीक्षा तीन बजे से सांय साढ़े 5 बजे तक करवाई गई। डीसी, एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों ने लिया जायजा परीक्षा केंद्रों पर सीसी टीवी कै मरों की जद में रहे। कोई भी परीक्षार्थी किसी प्रकार के इलैक्ट्रोनिक डिवाइस का प्रयोग न कर सके, इसके लिए जैमर लगाए गए थे। गठित उडऩदस्ते पूरा दिन परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करते रहे। परीक्षा केंद्रों के पास फोटो स्टेट की दुकानें पूरी तरह से बंद रही। इसके साथ-साथ कोचिंग सेंटरों पर भी नजर रखी गई ताकि पेपर आउट होने जैसी कोई घटना न हो। एचटेट की परीक्षा के सही संचालन को लेकर डीसी, नोडल अधिकारी सत्यवान मान नियमित रूप से पुलिस के अधिकारियों के साथ बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। दोनों सत्र की परीक्षाएं सही समय पर शुरू हुई। परीक्षा के दूसरे दिन भी नहीं बरती गई कोई लापरवाहीः अध्यापक पात्रता परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा गुरूवार को भी कोई ढिलाई नहीं बरती गई। किसी भी परीक्षार्थी को बिना जांच व पड़ताल के केंद्र में नहीं जाने दिया गया। गहन जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र के अंदर जाने दिया गया। इस दौरान कई परीक्षार्थी ऐसे थे जिनके फोटो का मिलान नहीं हुआ साथ ही बायोमेट्रिक में परेशानी आई। परीक्षार्थी के आईडी प्रूफ को सख्ती से जांचा गया साथ ही परीक्षार्थी से पूछताछ भी की गई। परीक्षा केंद्रों के बाहर सुबह ही लग गई थी लाइनें: गुरूवार को अध्यापक पात्रता परीक्षा दो सत्रों होने के कारण परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की भारी भीड़ रही। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर तैनात डयूटी पर सभी कर्मियों की कार्य प्रणाली का गंभीरता से आकंलन किया गया। पर्याप्त पुलिसबल रहा तैनातः परीक्षा को शांति पूर्ण तरीके से करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए थे। सुरक्षा की दृष्टि से सभी परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त पुलिस कर्मियों की तैनाती को सुनिश्चित किया गया था। जबतक परीक्षा संपन्न हुई तब तक पुलिस पीसीआर सेंटरों के बाहर मौजूद रही। वहीं खूफिया विंगों के कर्मी भी पूछताछ करते नजर आए। इसके अलावा पेट्रोलिंग पर्टियां, बाइक राइडर व पीसीआर भी पात्रता परीक्षा के समय अपने-अपने क्षेत्र मे गश्त पर रहे। वहीं यातायात पुलिस की तरफ शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए जींद शहर में नाकों पर भी अतिरिक्त पुलिस प्रबंध किया गया।

#### पापा बने मम्मी

परीक्षा के दौरान काफी सारी महिला परीक्षार्थी भी थी जो अपने बच्चों व अभिभावकों को साथ लेकर आए थे। परीक्षा शुरु होने से पहले बच्चे अपनी मम्मी के पास थे तो मम्मी के लाइन में लगने पर बच्चे उनके पापा तथा अभिभावकों को दे दिए गए। यहां तक की परीक्षा केंद्र के अंदर जाते समय बच्चों को मम्मी की तरफ बाये करते देखे गए। मम्मी अंदर परीक्षा दे रही थी तो पापा बाहर बच्चों का मन बहला रहे थे।

#### खूफिया विंग ने रखी परीक्षा केंद्रों पर नजर

एचटेट लेवल की परीक्षा के दौरान हर परीक्षा केंद्र पर खूफिया विंग ने भी सतर्कता रखी और परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। डयूटीरत कर्मचारियों के कागजात जांचे, परीक्षा केंद्रों के बाहर खड़ी गाडि़यों की तलाशी ली और उनमे बैठे लोगों से बातचीत की। फोटो स्टेट दुकानों तथा कोचिंग सेंटरों को बंद करवाया गया और चेतावनी दी की अगर परीक्षा के दौरान वे अपने संस्थानों को न खोलें और न ही अवांछित तत्व को अंदर आने दें।

#### शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न परीक्षा

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जींद में आयोजित की गई अध्यापक पात्रता परीक्षा लेवल 1 व लेवल 2 की परीक्षा दो सत्रों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। फ्लाइंग टीमें नियमित रूप से परीक्षा केंद्रों में व्यवस्थाओं पर नजर रखे हुए थी। इसका नतीजा ये रहा कि जिला में एचटेट की परीक्षा के दौरान कोई शिकायत सामने नहीं आई है। परीक्षा को लेकर जिला अधिकारी पूरी सतर्कता बरते हुए थे।



कैथल। एचटेट परीक्षा को अभ्यर्थियों की जांच करते पुलिस व कंपनी के कर्मचारी।

## लेवल-2 परीक्षा में 6855 व लेवल-1 का 2052 अभ्यर्थियों ने दिया पेपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने बताया कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) की लेवल -2 (टीजीटी) तथा लेवल -1 (पीआरटी) की परीक्षा वीरवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। लेवल -2 (टीजीटी) की परीक्षा 25 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई और इसमें में 7538 में से 6855 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 683 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे वहीं 8 केंद्रों पर आयोजित हुई पीआरटी की परीक्षा में 2364 में से 2052 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इसमें 312 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं नकल रहित आयोजित करवाने के लिए प्रशासनिक और तकनीकी स्तर पर पुख्ता एवं चौक चौबंद प्रबंध किए गए थे। पूरा प्रशासनिक अमला अलर्ट मोड पर रहा। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था, जिन्होंने पूरी गहनता के साथ अभ्यर्थियों की चेकिंग के उपरांत प्रवेश करने की अनुमति दी। उडऩदस्तों द्वारा अति-प्रभावी निरीक्षण कार्य किया गया। परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त किए ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने जैमर, कैमरे व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

#### अभ्यर्थियों की वीडियोग्राफी

डीसी प्रीति ने बताया कि अभ्यर्थियों के केंद्र में प्रवेश से पहले प्रथम चरण में उसकी मैटल डिटेक्टर से तलाशी ली है और उसके बाद बायोमैट्रिक करने के बाद तीसरे चरण में उनके कागजात जांचे गए हैं। अभ्यर्थियों की वीडियोग्राफी करवायी गई। वहीं बोर्ड मुख्यालय पर स्थित हाई-टैक कंमाड एंड कंट्रोल सैन्टर से लगातार प्रदेशभर के परीक्षा केंद्रों पर कड़ी नज़र रखी गई। उन्होंने जिला में परीक्षा को सुचारू व सुव्यवस्थिति स आयोजित करवाने पर जिला प्रशासन व बोर्ड के अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई दी और परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी।



कैथल। अभ्यर्थियों की जांच करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

## दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद, 40 हजार रुपये जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अतिरिक्त सेशन जज और विशेष अदालत पोक्सो अनूपमिश मोदी ने दुष्कर्म के मामले में सजा का ऐलान करते दोषी को 20 साल की कैद और 40000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इस बारे में पीड़िता के पिता ने महिला थाना में 23 दिसंबर 2023 को पोक्सो और आईपीसी की धाराओं के तहत मुकदमा नंबर 105 दर्ज करवाया था। अभियोजन पक्ष की ओर से केस की पैरवी उप जिला न्यायवादी जेबी गोयल ने की। गोयल ने बताया कि शिकायतकर्ता की नाबालिग पुत्री 9वीं कक्षा की छात्रा है। 19 दिसंबर 2023 को गांव बलवन्ती से संजय निवासी गांव काकोत उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़िता संजय के साथ फोन पर बात कर लेती थी और संजय ने लड़की को अपनी बातों में फंसा लिया था। पीड़िता स्कूल टूर का बहाना बनाकर संजय नामक लड़के के साथ 19 दिसंबर 2023 को चली गई। संजय उसको एक होटल में ले गया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। उसके बाद वह लड़की को गीता जयंती के मेले पर ले गया था।

## 97.35 क्विंटल गेहूं, 426 किलो चीनी, 460 लीटर तेल कम मिला

- गरीबों का निवाला छीनने वाले राशन डिपो पर सीएम फ्लाइंग का छापा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइंग तथा खाद्य आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने पिल्लूखेड़ा में गरीबों का निवाला हडपने वाले राशन डिपो पर छापेमारी की। छापामार टीम ने जब डिपो संचालक के रिकार्ड को खंगाला तो भारी गड़बड़ झाला मिला। सीएम फ्लाइंग ने डिपो होल्डर की विस्तृत रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने राशन डिपो संचालक के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की सिफारिश की है। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली कि पिल्लूखेड़ा में राशन डिपो होल्डर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत आए राशन में गोलमाल कर रहा है। जिसके चलते लोगों को उनका राशन नही मिल पा रहा है। सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग के निरीक्षक रोहताश के नेतृत्व में छापामार टीम का गठन किया गया। जिसमें सब इंसपेक्टर सतपाल, चरण सिंह तथा भगवान सिंह को शामिल किया गया। जबकि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के एएफएसओ मोहित तथा सब इंसपेक्टर अंकित कुंडू भी टीम में शामिल किया। संयुक्त टीम ने पिल्लूखेड़ा में राशन डिपो संचालक मनोज की दुकान पर दस्तक दी। टीम ने राशन डिपो की पीओएस मशीन की डिटेल तथा स्टाक को खंगाला तो 97.35 क्विंटल गेहूं, 426 किलोग्राम चीनी, 460 लीटर सरसों ऑयल कम पाया गया। जिस पर सीएम फ्लाइंग ने राशन डिपो की विस्तृत रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी है। खाद्य एवं सुरक्षा विभाग ने डिपो संचालक के खिलाफ आवश्यक वस्तु कालाबाजारी अधिनियम के तहत पुलिस कार्रवाई की सिफारिश पुलिस से की है। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि राशन डिपो पर छापमारी कर गई थी। जिसमें वितरण के तहत आई सामग्री में काफी खामियां पाई हैं। जिसकी रिपोर्ट मुख्यालय को भेज दी गई है। आगामी कार्रवाई खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी।

### जींद में सात को नहीं होगा आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज

**जींद।** आयुष्मान भारत योजना (पीएमजेएवाई) के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों ने सात अगस्त से आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज बंद करने का निर्णय लिया है। चिकित्सा संघ (आईएमए) ने चेतावनी दी है कि अगर उनका 400 करोड़ रुपये का बकाया नहीं चुकाया गया, तो वह सात अगस्त यो आयुष्मान कार्ड पर इलाज बंद करेंगे। आईएमए के पूर्व प्रधान रहे डॉ. सुशील मंगला ने कहा कि सरकार ने आयुष्मान के तहत किए गए इलाज के पिछले छह माह से रुपये नहीं दिए हैं। इसके अलावा कुछ अस्पतालों में हुए इलाज के पिछले एक साल से रुपये अटके हुए हैं। जींद में लगभग 8 करोड़ रुपये निजी अस्पतालों के चिकित्सकों के रुके हैं। जिले में आयुष्मान के तहत 19 निजी अस्पताल इलाज करते हैं। जिले में सात लाख 76 हजार कार्ड धारक हैं। अगर इन अस्पतालों ने इलाज इलाज बंद कर दिया तो मरीजों को भारी संकट का सामना करना पड़ेगा।

### नवचयनित 11 में से अभी तक किसी ने नहीं किया कार्यग्रहण

# नागरिक अस्पताल को चिकित्सकों का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल जिले में मार्च महीने में सिलेक्ट हुए डॉक्टरों ने अभी तक जिले के अस्पताल में ड्यूटी जॉइन नहीं की है। ऐसे में अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं में कोई सुधार नहीं हुआ है। आज भी मरीजों को इलाज के लिए लाइनों में खड़े होकर इंतजार करना पड़ रहा है। अस्पताल में डॉक्टरों के पद खाली पड़े हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जो नए डॉक्टर विभाग को मिले हैं, वे और बड़ी पोस्ट पाने की तैयारी में हैं, ऐसे में अभी तक उन्होंने ड्यूटी जॉइन नहीं की। कैथल सिविल अस्पताल में इस समय डॉक्टरों के 55 पद स्वीकृत हैं, इनमें से केवल 43 पदों पर ही मेडिकल आफिसर मौजूद हैं। मार्च महीने में 11 नए डॉक्टरों के आने की लिस्ट जारी हुई थी, लेकिन उनमें से भी अभी तक केवल चार ने ही ड्यूटी संभाली है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग उम्मीद जता रहा है कि आगामी कुछ दिनों में सभी डॉक्टर ड्यूटी ज्वाइन कर लेंगे, लेकिन अगर उन्हें पद बड़ा मिलता है तो उनके ड्यूटी जॉइन करने की लोकेशन भी बदल जाएगी।

#### ये थे चयनित चिकित्सक

कैथल में चुने गये डॉक्टरों में डॉ. शंकर लाल सैनी, डॉ. ज्योति, डॉ. आकाश सोलंकी, डॉ. आशीष, डॉ. नजमीन, डॉ. अभिलाषा, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. हैप्पी शर्मा, डॉ. महेष कुमार, डॉ. मोहित व डॉ. संजीव पूनिया शामिल हैं। नियुक्ति के बावजूद डॉक्टर ज्वाइनिंग नहीं कर रहे हैं, जिससे मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। विशेषज्ञ डॉक्टर न होने के कारण मरीजों को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पतालों में महंगे खर्च पर इलाज करवाना पड़ रहा है।

#### सभी के ज्वाइन की उम्मीद

जिला नागरिक अस्पताल के पीएमओ डॉ. दिनेश कंसल ने बताया कि जिला अस्पताल को 11 नए एमओ मिले हैं। इनमें से 4 का मेडिकल होने के बाद उन्होंने ज्वाइन कर लिया है। उम्मीद है कुछ दिन में सभी डॉक्टर ज्वाइन कर लेंगे।

#### मरीज हो रहे परेशान

जिले में कई सीएचसी और पीएचसी में तो एक भी डॉक्टर नहीं है। एक पीएचसी के पास 15 से अधिक गांव होते हैं। ऐसे में अंदाजा लगा सकते हैं कि बिना डॉक्टरों के क्या हालात होंगे। मरीजों को मजबूरन निजी अस्पतालों में महंगे रेटों में इलाज कराना पड़ रहा है।

### नशा तस्कर से 2.605 किलोग्राम अफीम बरामद

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सैल कैथल को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। जो एंटी नारकोटिक सैल द्वारा थाना सदर क्षेत्र से करीब 5.50 लाख रुपए कीमत की 2 किलो 605 ग्राम अफीम सहित एक नशा तस्कर को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एस आई राजबीर सिंह की अगुवाई में एस आई बलराज सिंह की टीम शाम के समय गश्त दौरान कठवाड रोड टीक पर मौजूद थी। जहां पुलिस टीम को सूचना मिली कि अमन विहार कॉलोनी बरवाला जिला हिसार निवासी सुभाष काफी समय से अफीम बेचने का धंधा करता है। जो आज अपनी बीट गाडी में सवार होकर नीलोखेड़ी (करनाल) से कैथल की तरफ आयेगा। यदि इस सडक पर नाका बन्दी की जावे तो सुभाष को गाडी में अफीम सहित काबू किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### अश्लील हरकत करने पर दो भाई नामजद

**जींद।** नाबालिग लड़की से अशील हरकत करने, चाकू दिखा कर खुद को मारने का इशारा करने पर महिला थाना पुलिस ने दो भाइयों के खिलाफ चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट, अशील हरकत करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। शहर थाना इलाका की एक 14 वर्षीय लड़की ने बताया कि मोहल्ले का साहिल अश्लील इशारे करता है और उसका पीछा भी करता है।

### दो यूटयूब चैनल समेत 84 लोगों पर मामला दज

**जींद।** इलाके में अशांति फैलाने, दो समुदायों के बीच तनाव पैदा करने और पुलिसकर्मियो से दुव्र्यवहार करने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने दो यूटयूब चैनल समेत 84 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुरक्षा अभिकर्ता द्वारा शहर थाना नरवाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पुलिस ने कुछ लोगों को शांति भग होने की आशंका के चलते डिटेन किया था।

### राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान की शुरुआत

**जींद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली तथा माननीय मीडिएशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी के तत्वावधान में 30 सितंबर तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है।

### पूर्व सैनिक परिवारजन की बैठक शनिवार को

**जींद।** कर्नल डीके भारद्वाज ने बताया कि दो अगस्त शनिवार को गोहाना रोड स्थित सैनिक वाटिका मे पूर्व सैनिकों और परिवारजनों की मासिक सभा होगी। जिसमें सैनिक सवास्थ सेवाएं, सैनिक कैंटीन, सैनिक बोर्ड, आठवां पे कमीशन, मंहगाई भत्ता एवं सैनिक और परिवारजनों की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। केंद्र और राज्य में पूर्व सैनिकों एवं परिवाराजनों के लिए उपलब्ध नौकरियों बारे भी जानकारी दी जाएगी।

### सभी सुखों का आधार मर्यादित जीवन : अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक पं.रामनिवास अहिरका ने कहा कि आज संसार में सत्संग स्वाध्याय कथा कीर्तन पहले से काफी अधिक है लेकिन फिर भी आजकल अपराध पहले से काफी अधिक बढ़ते ही जा रहे हैं। इसका एक कारण आज के मानव के मन बढ़ता व्यर्थ का अहम भी है। इसके कारण आज अपने से बढ़ो से सुख सुविधा लेने का ज्ञान तो पराय सभी को है लेकिन उसके उपकार का बदला चुकाने की मर्यादा का ज्ञान किसी किसी को है।

### योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण जरूरी

**जींद।** अब लाभार्थियों को विवाह के ऑनलाइन पंजीकरण करवाने के उपरांत ही योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए लाभपात्र विवाहिता की शादी का ई दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना अत्यंत आवश्यक है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि विवाह शगुन योजना का लाभ लेने वाले परिवार को बेटी की शादी के छह महीने पूरे होने से पहले ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा।

### पात्र परिवार उठाएं दयालु योजना का लाभ

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला के सभी पात्र परिवार दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) का लाभ उठाएं। यह योजना परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु या स्थायी विकलांगता की स्थिति में वित्तीय सहायता देती है।

### आढ़तियों, राहगीरों ने ली राहत की सांस

**उचाना।** बारिश के बाद मंडी में जलभराव की समस्या होती थी। गुरूवार को सुबह से लेकर शाम तक हुई कभी बूंदाबांदी बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिलने के साथ-साथ मंडी में जलभराव नहीं होने से भी राहत मिली। बारिश के बाद मंडी में जलभराव होने से आमजन परेशान होता था।

### इंडस स्कूल में इन्वेस्टर सेरेमनी का भव्य आयोजन

# बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में देशभक्ति की दिखाई झलक

### हेडब्वाय व हेड गर्ल सहित सभी कैबिनेट सदस्यों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में इन्वेस्टर सेरेमनी का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर निदेशक सुभाष श्योराण, ग्रुप कॉआर्डिनेटर ऑफ इंडस इंस्टीट्यूशंस प्रवीण परूथी, निदेशिका रचना श्योराण, प्राचार्या अरुणा शर्मा व उप प्राचार्य प्रवीण कुमार उपस्थित रहे। विद्यालय के बैंड समूह ने अतिथिगण का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस विशेष अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल कैबिनेट के सदस्य नियुक्त किया गया। जिन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने-अपने पदों की शपथ ली और नेतृत्व की जिम्मेदारी को निभाने का संकल्प लिया। इन्वेस्टर सेरेमनी में प्रथम पायदान से ही कैबिनेट सदस्यों को चयनित कर अनुशासन से संबंतिधत जिम्मेदारियां सौंपी जाती है। जो अन्य छात्रों को भी आगे बढने के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में देशभक्ति की संजीव झलक दिखाई दी। मुख्यअध्यापिका गुरमीत कौर ने हेडब्वाय व हेड गर्ल सहित सभी कैबिनेट सदस्यों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।शपथ समारोह के उपरांत डायरेक्टर सुभाष श्योराण ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बचपन से ही नेतृत्व की भावना और जिम्मेदारी की समझ बच्चों को सशक्त नागरिक बनाती है। साथ ही साथ उन्हें जीवन में परिश्रम करते आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। आयोजन की समाप्ति राष्ट्रीय गान के साथ की गई।






जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते बच्चे व चुनी गई कैबिनेट सदस्य से हाथ मिलाते सुभाष श्योराण। *फोटो :हरिभूमि*

# साइबर अपराध से रहें सतर्क : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- ग्रुप चैट एवं करेंसी से जुड़े ऑनलाइन फ्रॉड से सावधानी आवश्यक

जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं जन जागरूकता हेतु निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के दिशा-निर्देशानुसार जिलेभर में साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों के प्रति नागरिकों को सचेत किया जा रहा है। विशेष रूप से सोशल मीडिया ग्रुपों में हो रहे नकली करेंसी लेनदेन एवं डिजिटल भुगतान धोखाधड़ी के मामलों को ध्यान में रखा जा रहा है। वर्तमान में साइबर अपराधी व्हाट्सअप, टेलीग्राम, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया ग्रुपों में शामिल होकर स्वयं को सेना का अधिकारी, बैंक कर्मी या व्यापारी दर्शाते हैं। ये अपराधी लोगों को नकली करेंसी की बिक्री, पुराने नोटों का सस्ते दामों पर एक्सचेंज, डिजिटल पेमेंट (पेटीएम, गूगल पे) आदि के माध्यम से विशेष ऑफर देकर अपने जाल में फंसा लेते हैं। लोग इन पर विश्वास करके धनराशि स्थानांतरित कर देते हैं, जिसके पश्चात अपराधी संपर्क से बाहर हो जाते हैं। जिससे आमजन को आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है। एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति या ग्रुप के साथ करेंसी अथवा पैसों से संबंधित लेनदेन न करें। सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे संदिग्ध क्यूआर कोड या बैंक विवरणों पर किसी भी प्रकार का भुगतान न करें। नकली ऑफर जैसे सस्ते नोट, पुराने नोट बदलने अथवा निवेश योजनाओं से संबंधित प्रलोभनों से सतर्क रहें। किसी भी अज्ञात लिंक, मोबाइल एप्लिकेशन अथवा सॉफ्टवेयर को डाउनलोड न करें। अपनी बैंकिंग, व्यक्तिगत जानकारी किसी भी व्यक्ति को साझा न करें। साइबर सुरक्षा को लेकर पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं पंचायत स्तर पर साइबर सुरक्षा जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।



नरवाना। बातचीत करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पवार। *फोटो :हरिभूमि*

### समस्या के समाधान का आश्वासन

**नरवाना।** नरवाना के डा भीमराव अम्बेडकर भवन में पत्रकारों से बातचीत करते अनिल ने बताया कि मौके पर मिली जानकारी के अनुसार लोगों को कुछ साल पहले सरकार द्वारा 100.100 गज के प्लाट प्लाट दिये गये थे? लेकिन उन 100 गज के प्लाटो में से कब्जा 90.90 गज के प्लाट का दिया गया था। उनका कहना है कि जो 10.10 गज जमीन इसमें से रखी गई थी वो इस लिए रखी थी कि भविष्य में सबके काम आने वाली इमारत बनाई जाएगी जब भी समाज का कोई सामाजिक कार्य होगा उसमें उसका प्रयोग किया जायेगा लेकिन अब उस जमीन को उन्हें नहीं जा रहा है जिससे ये मामला वर्ष 2022 से चर्आचा में आया है सरकार कोई संज्ञान नहीं ले रही है। पंचायत कैबिनेट मंत्री कृष्ण पवार गांव उझाना में पहुंचे और मौके का जायजा लिया गया वहां से नरवाना रेस्ट हाउस पहुंचे और वहां पर गांव वालों से बात चीत की। उनसे बातचीत करने बाद डॉ भीमराव अम्बेडकर भवन में धरना प्रदर्शन पर बैठे लोगों से मिले और उनसे बातचीत की।

### उझाना पीएम श्री स्कूल बना ज़िले का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय

**नरवाना।** नरवाना व उझाना हल्के के गांव उझाना के पीएम श्री रावमावि को जिला जींद का सर्वश्रेष्ठ पीएम श्री स्कूल चुना है। विशेष उपलब्धि के लिए स्कूल के प्रिंसिपल रविन्द्र कुमार व सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं! प्राचार्य ने बताया कि मंगलवार को राज्य ध्संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा चयनित जिला स्तरीय श्रेष्ठ पी0 एम0 श्री विद्यालयों का औपचारिक शुभारंभ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा अखिल भारतीय शिक्षा समागम के अवसर पर भारत मंडपम नई दिल्ली में राष्ट्र को समर्पित किया गया द्य हरियाणा शिक्षा विभाग पंचकूला द्वारा श्रेष्ठ पी0 एम0 श्री विद्यालयों की सूची में जिला जींद से पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उझाना को शामिल किया गया है द्यइस खबर के मिलते ही पूरे उझाना गांव में ख़ुशी का माहौल बन गया द्य गांव के सरपंच सुनील कुमार व विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान सुनील ने प्राचार्य व स्टाफ को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की द्यउन्होंने कहा की हमारे विद्यालय में छात्र संख्या से लेकर भौतिक सुविधाओं की कोई कमी नहीं है।

### प्रदेश में नायाब नहीं गायब सरकारः दुष्यंत

**उचाना।** पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला गुरूवार को दोपहर बाद उचाना हलके में पहुंचे। कार्यकर्ताओं के सुख, दुख में वो शामिल हुए। काकड़ोद, डोहाना खेड़ा, बधाना, थुआ, कुचराना गांव में वो पहुंचे। काकड़ोद गांव में पत्रकारों से बातचीत में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जिस प्रकार से हर खाद विक्रेताओं को नोटिस दिए जा रहे हैं और भी ज्यादा पाबंदियां लगाई जा रही हैं। ये साफ मंशा दर्शाता है कि किसान को और पीड़ित करने की दिशा में सरकार बढ़ रही है। हलके के दौरे पर जानकारी मिली कि उचाना में कई खाद विक्रेताओं को नोटिस दिया कि आपने दूसरे गांव के जिन्होंने ठेके पर जमीन ले रखी है उनको खाद कैसे बेचा। सरकार की गलत नितियों की वजह से खाद की सही मात्रा नहीं आ पाई और अब इस तरह के प्रतिबंध लगाकर व्यापारी के माध्यम से किसान को तंग किया जा रहा है। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि यह नायाब नहीं गायब सरकार है कानून व्यवस्था तो सभी ने देखी है। किस तरह के हालात प्रदेश में बन चुके हैं। जोरा सिंह डूमरखां, वीरेंद्र कौशिक, अनिल शर्मा, मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।



उचाना। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।



उचाना। कबड्डी के मैच में दमखम दिखाते खिलाड़ी। *फोटो :हरिभूमि*

### कबड्डी ग्रामीण अंचल का प्रमुख खेल

**उचाना।** उचाना शहर की बाबा प्रेमनाथ खेल अकादमी में एक दिवसीय कबड्डी मैच हुआ। खेड़ी मंसानिया एवं बाबा प्रेमनाथ खेल अकादमी के बीच हुए दो मुकाबलों में दोनों टीमों ने एक.एक मैच जीता। पहले मैच में खेड़ी मंसानिया ने 48-36 से जीता तो दूसरा मैच बाबा प्रेमनाथ खेल अकादमी ने 38-36 ने मैच जीता। इस तरह के मैचों का आयोजन निरंतर किया जाता है ताकि खिलाड़ियों के अंदर खेल को लेकर रूचि बढ़े। लड़कियों के मैच भी हर रविवार को करवाए जाते है। अकादमी संचालक जयभगवान करसिंधु ने कहा कि कबड्डी का खेल ग्रामीण अंचल का खेल माना जाता है। हर रविवार को अलग-अलग खेल अकादमी की टीमें पहुंचती है। इससे खिलाड़ियों को एक-दूसरे को जानने का अवसर भी मिलता है।

### शहीद उधम सिंह को नमन किया

**जींद।** मजदूर भवन में मुंशी प्रेमचंद की जयंती, शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस व मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि के उपलक्ष में सेमिनार व कविता पाठ का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जलेस के संरक्षक पूर्व प्राचार्य धर्मपाल पांचाल व ज्ञान विज्ञान समिति के जिलाध्यक्ष सोहनदास ने की। मंच का संचालन मंगतराम शास्त्री ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत संगीत के प्राध्यापक चमन लाल व आदर्श कुमार ने मोहम्मद रफी द्वारा गाए गीत तू हिंदू बनेगा, ना मुसलमान बनेगा, इंसान की औलाद है इंसान बनेगा गीत गाकर की। प्रेमचंद के साहित्य में जनपक्षीय स्वर विषय पर डा. कपिल भारद्वाज ने वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि मुंशी प्रेमचंद ने साहित्य को नयी दिशा प्रदान की। उनकी साहित्य यात्रा उर्दू से शुरू होती है, तब वे धनपत राय व नवाब राय नाम से लिखते थे। उनकी पुस्तक सोजे वतन को अंग्रेजी शासन ने जब्त कर ली थी। बाद में हिंदी भाषा में लिखना शुरू किया। प्रेमचंद ने उसी तरह के सुराज की परिकल्पना की थी जैसी परिकल्पना भगतसिंह और भीमराव अम्बेडकर ने की थी।




जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। *फोटो :हरिभूमि*



नरवाना। पूजा करते हुए महिलाएं। *फोटो :हरिभूमि*

### सुंदरपुरा में मनाई दक्ष प्रजापति जयंती

**नरवाना।** गांव सुंदरपुरा में कुमार दक्ष प्रजापति संघ द्वारा वीरवार को महाराज दक्ष प्रजापति जयंती हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गांव में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें समाज के लोगों ने आहुतियां देकर गांव की सुख.समृद्धि और शांति की कामना की। हवन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें समस्त ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठोंए पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उकलाना के प्रधान मास्टर सूरजभान राजू एमसी सुबे सिंह खोवालए नरवाना प्रजापति समाज के प्रधान डॉ दलबीर कृष्णा कोयल और बीईओ मांगेराम ने शिरकत की। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि इस तरह के धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम समाज को जोडने व युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोडने का माध्यम बनते हैं। संघ ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। प्रजापति कमेटी ग्रामीण सुंदरपुरा व दक्ष प्रजापति कमेटी के प्रधान कुलदीप, उपप्रधान पवन कुमार मौजूद थे।



जींद। सॉफ्ट टॉयज प्रशिक्षण के समापन पर प्रशिक्षणार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

### महिलाओं ने सीखा सॉफ्ट टॉयज बनाना

**जींद।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा चलाए जा रहे 14 दिवसीय सॉफ्ट टॉयज (खिलौने) बनाने का प्रक्षिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में 34 महिलाओं, लड़कियों ने सॉफ्ट टॉयज बनाने का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यअतिथि अग्रणी जिला प्रबंधक अनुपम मरांडी ने शिरकत की। मुख्यअतिथि अनुपम मरांडी ने महिलाओं को अपने जीवन में आगे बढने व अपने पैरों पर खड़े होने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के उपरांत ये महिलाएं अपना काम शुरू करेंगी और अपने परिवार की आय बढ़ाने व अपने परिवार की जीवनशैली में सुधार करने का काम करेंगी और महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। मुख्यअतिथि अनुपम मरांडी ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत आप छोटे स्तर से अपना काम शुरू करके उसे बड़े स्तर पर लेकर जा सकते हो। आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीमों के तहत सब्सिडी वाला लोन ले कर अपना काम शुरू कर सकती हैं।

# मनोज बने अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

न्यायालय परिसर में अधिवक्ता परिषद के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधिवक्ता परिषद हरियाणा प्रांत चंद्र पाल चौहान, प्रांत महिला प्रमुख शीला, गणेश बंसल आदि रहे। इस बैठक का उद्देश्य अधिवक्ता परिषद इकाई जींद की नई कार्यकारिणी का गठन करना था। बैठक में संरक्षक आजाद सैनी, अध्यक्ष मनोज शर्मा, महामंत्री मोहित सैनी, उपाध्यक्ष विभिन्न आयाम संदीप राणा, मनीषा जांगड़ा, विजय शर्मा, सुरेंद्र खटकड़, दीपक दीक्षित, जिला सचिव पद पर हरीश बड़सीवाल, प्रीति शर्मा, देवराज मालिक, संजीव घनघस, कोषाध्यक्षराजकुमार जयहिंद, महिला प्रमुख कविता शर्मा, सह महिला प्रमुख मंजीत कौर, सह महिला प्रमुख ज्योति यादव, युवा प्रमुख दीपक सैनी, सह युवा प्रमुख अजय चौहान, न्याय प्रवाह प्रमुख जितेंद्र निर्वाण, सह न्याय प्रवाह प्रमुख रजत श्योराण, सह न्याय प्रवाह प्रमुख मुल्तान सिंहमार, स्टडी सर्कल प्रमुख दीपक नरवाल, सह स्टडी सर्किल प्रमुख अमित यादव, मीडिया प्रमुख जितेंद्र राणा, सह मीडिया प्रमुख आरके मालिक, शुभम दीक्षित, जिला विशेष आमंत्रित सदस्य नरेंद्र अत्रि, जितेंद्र अत्रि रहे। चंद्रपाल चौहान ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई देते कहा कि वे यह उम्मीद करते हैं कार्यकारिणी पिछली कार्यकारिणी की भांति जींद इकाई को नई ऊंचाई पर ले जाएगी।



जींद। बैठक में भाग लेते अधिवक्ता परिषद सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*



जींद। सेवानिवृति पर विदाई देते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### विदाई समारोह का आयोजन

**जींद।** पुलिस लाइन में बुधवार को पुलिस विभाग से सेवानिवृत दो कर्मियों का विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि डीएसपी संजय कुमार ने स्मृति चिन्ह देकर आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी। लाइन अफसर रामविलास, पुलिस प्रवक्ता राजेश कुमार, एएसआई अनिल कुमार, सेवानिवृत हो चुके पुलिस कर्मचारी प्रेम सिंह बांगड के अलावा पुलिस विभाग जींद के अन्य कर्मचारी, सेवानिवृत जाने वाले कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्य मौजूद रहे। डीएसपी सजंय कुमार ने कहा कि सेवानिवृत कर्मीअपने जीवन का अमूल्य समय पुलिस विभाग तथा जनता की सेवा में लगाने पर सकुशल सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। कहा कि सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी खुद को हर जिम्मेदारी से रिटायर न समझ कर समाज सेवा के कार्यो में लिप्त रखें। प्रवक्ता राजेश कुमार ने बताया कि आनरेरी निरीक्षक जगदीश वासी गढी खेड़ी जिला रोहतक बतौर पुलिस विभाग मे 1989 सिपाही भर्ती हुए थे। उन्होंने पुलिस विभाग में अच्छे कार्यों के लिए 41 प्रशंसा पत्र प्राप्त किए।

### जरूरतमंदों की आर्थिक मदद कर गरीबों के लिए मसीहा बने अत्री

# विधायक ने पीड़ित को सौंपा 50 हजार का चैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

बीते दिनों शहर में झुग्गी झोपड़ी में लगी आग से नुकसान की जानकारी मिलने के बाद भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री परिवार का सहारा बने। आर्थिक मदद करते हुए 50 हजार रुपये का चैक पीड़ित परिवार के रवि सिंगीकाट के परिवार को दिया। निरंतर जरूरतमंदों की मदद अपने निजी कोष के साथ-साथ जो विधायक को वेतन मिलता है उससे वो मदद कर रहे है। जरूरतमंदों का निरंतर सहारा बन कर उनकी मदद विधायक द्वारा की जा रही है। अब तक उचाना हलके के 60 से अधिक परिवारों की आर्थिक मदद कर चुके है। जरूरतमंद परिवारों का कहना है कि विधायक उनके लिए किसी मसीहा से कम नहीं है जो निरंतर जरूरतमंद परिवारों की मदद कर उनको आर्थिक सहायता देने का काम कर रहे है। आगजनी से किसान की फसल चलने, पशु पालक की करंट लगने से भैंस की मौत होने के साथ-साथ जहां भी विधायक को पता चलता है उस परिवार की आर्थिक मदद वो करते है। हलके के लोगों का कहना है कि ऐसा विधायक आज तक नहीं देखा जो अपने निजी कोष के साथ.साथ जो विधायक को वेतन मिलता है उससे मदद करता हो। लोगों ने कहा कि सुना था लेकिन अब देखा भी है। विधायक के दरवाजे लोगों के लिए 24 घंटे खुले मिलते है। चुनाव के बाद नेता बदल जाते हैं लेकिन विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री आजभी पहले की तरह मिलनसार है। किसी को कोई पद मिल जाए तो उसमें अहंकार होने लगता है लेकिन विधायक बनने के बाद भी देवेंद्र चतरभुज अत्री लोगों से आम आदमी की तरह मिलते है। लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनते है। सुबह से लेकर रात तक उनके दरवाजे पर कोई जाता है तो उसकी बात सुनने के बाद उसका समाधान करते है। घुमंतू जनजाति कल्याण मंच प्रांत संयोजक राजेश ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री गरीबों के मसीबा साबित हो रहे है। उचाना हलके में झुग्गी, झोपड़ी में आगजनी से नुकसान होने की जानकारी मिलने के बाद परिवार को आर्थिक मदद के रूप में 50 हजार रुपये की राशि का चैक दिया। आज विधायक की नेकदिली के चर्चे आमजन में हो रहे है।



उचाना। आर्थिक मदद का चेक देते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।



जींद। नागरिक अस्पताल में पौधे रोपित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने का दिया संदेश

**जींद।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मैढ सुनार सभा द्वारा स्थानीय नागरिक अस्पताल पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में सभा के प्रधान सत्यनारायण सोनी की अगुवाई में पदाधिकारियों द्वारा पार्क में औषधीय पौधे लगा कर पौधारोषण कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने का संदेश दिया। गौरतलब है कि मैढ़ सुनार सभा द्वारा शहर के विभिन्न पार्कों में पौधारोपण करने का अभियान चलाया जा रहा है। सभा के प्रधान सत्यनारायण सोनी, महासचिव राममेहर वर्मा तथा वरिष्ठ पदाधिकारी नरेश सोनी, रमेश वर्मा, गौरव सोनी, इंद्रसिंह, नरेंद्र भामा, ताराचन्द वर्मा ने बताया कि औषधीय पौधे जहां पर्यावरण को दूषित होने से बचाएंगे वहीं पर उनके सेवन करने पर शुगर, ब्लड प्रैशर, कोलोस्टरोल आदि रोगों के बचाव तथा शरीर में रोग प्रतिरोग क्षमता में बढोत्तरी करने के लिए भी कारगर साबित रहेंगे। प्रत्येक जनमानस से आग्रह किया कि पर्यावरण को बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को एक-एक पेड़ अवश्य लगाना ही नही बल्कि उसकी बच्चे की भांति बड़ा होने तक देखभाल भी करनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना के आरोप में पति पर मुकदमा दर्ज

**कैथल ।** थाना तितरम पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना व मारपीट का मामला दर्ज किया है। जाखोली की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व राम मेहर के साथ रीति रिवाज अनुसार हुई थी। आरोप है की शादी के समय उसके माता-पिता ने अपनी खासियत से बढ़कर दान दहेज भी दिया था। इसके बावजूद उसके ससुराल वाले उसे दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करते थे तथा परेशान करते थे।

### पीएम विश्वकर्मा योजना की दी जानकारी

कैथल । डीसी प्रीति ने कहा कि शिल्पकार व कारीगर समाज के नवनिर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हैं। शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को सम्मान देते हुए केंद्र सरकार की ओर से पीएम विश्वकर्मा योजना चलाई जा रही है, जिससे उनके हुनर को पहचान मिल रही है। डीसी प्रीति ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना भारत की पारंपरिक कला और शिल्पकला को जीवित रखने और देश के कारीगरों और शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में सहायक है। पीएम विश्वकर्मा योजना का मुख्य बिंदु कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की पहुंच के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार करना है।

### दो को डाकघरों में कोई भी लेनदेन नहीं होगा

**कैथल ।** डाक विभाग ने अगली पीढ़ी के एपीटी एप्लिकेशन के शुभारंभ की घोषणा की है जो डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में बड़ी छलांग है। इस परिवर्तनकारी पहल के तहत उन्नत प्रणाली 4 अगस्त को कुरुक्षेत्र और कैथल जिले के सभी डाकघरों में लागू की जाएगी। कुरुक्षेत्र मंडल के डाकघर अधीक्षक देवराज सहगल ने बताया कि इस उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित परिवर्तन को सक्षम करने के लिए 2 अगस्त को एक नियोजित डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। दो अगस्त को डाकघरों में कोई भी सार्वजनिक लेनदेन नहीं किया जाएगा।

### शहीदों के कारण आज पूरा देश खुले में चैन की सांस ले रहा

# पूर्व सैनिकों ने शहीद उधम सिंह को दी श्रद्धांजलि

लेफ्टिनेंट जनरल डायर को मारकर लिया था हत्याकांड का बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



शहीद उधम सिंह पार्क में शहीद उधम सिंह को माल्यार्पण करते पूर्व सैनिक फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज. कैथल

भारतीय स्वतंत्रता सेनानी जिन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला बैसाखी के दिन 13 अप्रैल 1940 को लंदन में भाषण देते हुए लेफ्टिनेंट जनरल गवर्नर माइकल ओ डायर को बिल्कुल नजदीक पहुंचकर दो गोलियां मारी और ढेर कर दिया।आज उसे शहीद ए आज़म माता नारायण कौर व सरदार टहल सिंह कंबोज के लाडले, गांव सुनाम जिला संगरूर के वीर सुपुत्र जिसने अपने देश, अपने वतन के अपमान एवं नरसंहार का बदला लिया और आज के दिन 31 जुलाई 1940 को जालिम ब्रिटिश शासको ने उनको फांसी पर लटका दिया इस अमर वीर के अवशेष आज भी जलियांवाला बाग अमृतसर में रखे हैं और आज पूरा देश उनको श्रद्धांजलि देकर नमन कर रहा है और पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल ने भी शहर के शहीद उधम सिंह पार्क में शहीद ए आजम सरदार उधम सिंह कम्बौज को फुल मालाए डाल कर व पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

#### भात माता को नमन

इस मौके पर पूर्व सैनिक लोग गायक फौजी कर्मवीर, सार्जेंट धर्मवीर सिंह, कैप्टन नरसिंह ढुल में शहीद ए आज़म के जीवनकाल में घटित घटनाओं बारे बताया। एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि, हम इस मातृभूमि पर चाहे,कितने बार भी जन्म ले, लेकिन ऐसे सुरवीरों का कर्ज़ हमारा देश कभी नहीं उतर सकता। आजादी का मूल मंत्र देने वालों को हमारा देश उनके बलिदानी दिवसों पर इसी प्रकार से श्रद्धांजलि देता है और देता रहेगा क्योंकि आज जो हमारा देश आजाद है इन शूरवीर जांबाज अमर वीर योद्धाओं की वजह से है। जो स्वर्ण अक्षरों में इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करवा गए और ये सदा सदा अमर रहेंगे। साथ ही प्रधान जी ने बताया कि 3 अगस्त रविवार को प्रातः 9:00 बजे अगस्त मास की मासिक मीटिंग हनुमान वाटिका नजदीक में बस अड्डा कैथल में होगी।

#### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इसमें सभी पूर्व सैनिकों, सैनिक परिवारों, वीर नारियों और वीरांगनाओं सभी की समस्याओं सुनी जाएगी और उनके विचार लिए जाएंगे। उन पर विचार विमर्श करके उन समस्याओं का समाधान निकालने की पूर्णता कोशिश की जाएगी। इस पर प्रधान जी ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में साथी पहुंचे और एसोसिएशन द्वारा चलाए गए इस क्रम को आगे बढ़ाएं है अपने आस पड़ोस से सैनिक परिवारो को जोड़े और साथ लेकर आए। मौके पर एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी के साथ कैप्टन नरसिंह ढुल,सार्जेंट धर्मवीर सिंह, हवलदार अभे सिंह,लोक गायक फौजी कर्मवीर,सूबेदार मेजर खजान सिंह , सूबेदार सोम प्रकाश शर्मा,सूबेदार विजय शर्मा ,रिशालदार कर्मवीर भाल,रिशालदार बलदेव सिंह, हवलदार मांगेराम शर्मा, एसोसिएशन से जुड़े साथी, मातृशक्ति एवं बच्चे श्रद्धांजलि देने में शामिल रहे।



कपिल कमल कार्यालय में शहीद उधम सिंह को याद करते भाजपा नेता फोटो : हरिभूमि

## शहीद ऊधम सिंह की पुण्यतिथि पर भाजपा ने अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आज भारतीय जनता पार्टी कैथल द्वारा जिला भाजपा कार्यालय कपिल कमल में शहीद ऊधम सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभा में सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने शहीद ऊधम सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि शहीद ऊधम सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी थे। उन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लेने के लिए 1940 में लंदन में माइकल ओ'डायर की हत्या कर अपने प्राणों की आहुति दी। उनका बलिदान हमें देश के प्रति निस्वार्थ सेवा और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि शहीद ऊधम सिंह का जीवन त्याग, समर्पण और देशभक्ति की अद्वितीय मिसाल है। उनका साहस और आत्मबल आज के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर सुरेश संधू और मुनीश शर्मा फरल जिला महामंत्री, जंगीर सिसला जिला उपाध्यक्ष व हिमांशु गोयल जिला मीडिया प्रभारी, अवधेश किशोर राय जिला सचिव, अशोक मित्तल कोषाध्यक्ष रहे।

# पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

- स्मृति दिवस के रूप में मनाई गई स्व. प्रकाश लाल की 16वीं पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज. गुहला चीका



गुहला चीका। स्व. प्रकाश लाल की पुण्य तिथि पर चीका में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करती मातृ शक्ति। फोटो : हरिभूमि

भारतीय योग संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय प्रकाश लाल की 16 वी पुण्य तिथि स्मृति दिवस के रूप में मनाई गई। आज सुबह भारतीय योग संस्थान जिला चीका के साधकों द्वारा हुड्डा सेक्टर 3 के योग केंद्र पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबसे पहले संस्थान की महिला साधकों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और स्वर्गीय प्रकाश लाल जी को नमन कर उन्हें श्रद्धांजली प्रदान की। भारतीय योग संस्थान के जिला प्रधान डॉ विनोद गुप्ता ने कहा कि स्व. प्रकाश लाल ने आज से लगभग 70 वर्ष पहले देश में योग की अलख जगाई थी और आज देश व विदेशों में भारतीय योग संस्थान के लगभग साढ़े चार हजार संस्थान चल रहे हैं जहां पर लाखों लोगों को निशुल्क योग करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रकाश लाल का कहना था कि यदि मातृ शक्ति योग से जुड़ जाए तो पूरा विश्व निरोग बन सकता है। स्व. प्रकाश लाल का मानना था कि संस्थान का ध्येय होना चाहिए कि जो व्यक्ति लेटा है उसे बैठाना है, जो बैठा है उसे उठाना है और जो उठा है उसे दौड़ाना है। डॉ विनोद गुप्ता ने कहा कि भारतीय योग संस्थान जीओ और जीवन दो के सिद्धांत पर कार्य करते हुए देशवासियों को निरोग बनाने का दिन रात प्रयास कर रहा है। इस मौके पर राजू वलेचा व कृष्णा खट्टर ने स्व. प्रकाश लाल की स्मृति में कविता भी पेश की।

# बादली बलिदान दिवसः कौल गांव एकजुट, इतिहास रचने को तैयार

- गांव के युवाओं ने संभाली पूरी जिम्मेदारी, बुजुर्गों का आशीर्वाद
- 2 अगस्त को अनाज मंडी में होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड



जिला परिषद के चेयरमैन कर्मबीर कौल बैठक को संबोधित करते हुए फोटो : हरिभूमि

गांव कौल में उत्साह और एकता का माहौल उस समय देखने को मिला, जब बादली बलिदान दिवस को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए रोड समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक गांव के रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद के अध्यक्ष कर्मबीर कौल ने की। बैठक में गांव के बुजुर्ग, युवा और बच्चे सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 2 अगस्त को गांव की अनाज मंडी में होने वाले बादली बलिदान दिवस कार्यक्रम को भव्य रूप से सफल बनाना और आने वाले अतिथियों के सम्मान की तैयारी करना था। बैठक में उपस्थित युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेने का संकल्प लिया। युवा टीम ने स्पष्ट कहा— /"आप हमें आशीर्वाद दें और साथ खड़े रहें, बाक़ी व्यवस्था हमारी जिम्मेदारी है। हम इस कार्यक्रम को ऐसा रूप देंगे, जो आने वाले वर्षों तक याद रखा जाएगा।/" इस कार्यक्रम के लिए गाँव के युवा व बुजुर्ग गांव-गांव जाकर और फेसबुक पर लाइव आकर सभी को निमंत्रण दे रहे हैं। गांव की गलियों से लेकर चौपाल तक इस आयोजन को लेकर उत्साह की लहर है। सभी वर्गों के लोग इस ऐतिहासिक अवसर में योगदान देने को तैयार हैं। गांव के हर घर में तैयारी की गूंज है, और हर कोई इस दिन को यादगार बनाने में जुटा हुआ है।

# नशीले पदार्थ के सेवन से बचें युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** नशा न करने बारे जागरूक करती हुई पुलिस टीम। *फोटो : हरिभूमि*

कैथल पुलिस द्वारा गांव गांव जाकर एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार सार्वजनिक स्थानों तथा शिक्षण संस्थानों में आमजन व विद्यार्थियों को जागरूकता रैली, सेमिनार और वर्कशॉप के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव और नशे की लत से ग्रस्त लोगों के पुनर्वास संबंधी जानकारी प्रदान की जा रही हैं। एसपी आस्था मोदी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नशीले पदार्थों का प्रयोग करने से बचें और अपने परिवार के लोगों को भी बुरी लत से बचाते हुए अपने आस पड़ोस में नशा ना करने बारे जागरूक करें। एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि नशा मुक्त अभियान में कैथल पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा निरंतर रूप से सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को नशा ना करने बारे जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ साथ कैथल पुलिस मादक पदार्थों की बिक्री में संलिप्त दोषियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही कर रही है। पुलिस द्वारा आमजन को संदेश दिया जा रहा कि नशा समाज के लिए ऐसी दीमक है जो समय से पहले ही जीवन को समाप्त कर देती है। नशीले पदार्थ व्यक्ति को न केवल शारीरिक हानि पहुंचाता है बल्कि उसके परिवार के साथ-साथ समाज को भी अपनी चपेट में लेकर सामाजिक वातावरण को दूषित भी करता है। किसी भी नशा तस्कर की सूचना पुलिस को तुरंत दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

### पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना की दी जानकारी

कैथल । डीसी प्रीति ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपए तक का बीमा होता है। डीसी प्रीति ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए स्कीम चलाई हुई हैं। सामाजिक सुरक्षा योजना सामान्य परिवार को मुश्किल की घड़ी में आर्थिक समर्थन देकर मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष आयु के व्यक्ति नामांकन करवा सकते है। योजना के तहत 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम जमा करवाना होता है।

# नवीन जिन्दल फाउंडेशन ने लगाया हेल्थ कैंप

- 66 मरीजों की जांच व 12 को प्रशासनिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



मेडिकल वैन के साथ टीम सदस्य। फोटो : हरिभूमि

गांव मुन्नारेहड़ी में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा पंचायत घर में नवीन संकल्प जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं व प्रशासनिक सहायता उपलब्ध करवाई गईं।शिविर में मेडिकल वैन के माध्यम से एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा 66 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और मौके पर ही मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। 11 ग्रामीणों के रक्त और पेशाब की जांच भी निःशुल्क की गई, वहीं 12 लोगों को आधार कार्ड व फैमिली आईडी सहायता प्रदान की गई।शिविर का शुभारंभ भाजपा नेत्री निधि मोहन ने किया। उन्होंने कहा कि यह शिविर नवीन जिंदल की समाज सेवा के प्रति गहरी निष्ठा का प्रतीक है। ऐसे शिविर गांव-गांव जाकर लोगों को राहत दे रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है और भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन जारी रहेगा। इस अवसर पर गांव के सरपंच राजेश मेहला, डॉ. परमोद, नेहा, राहुल शर्मा, अरविंद गोलन, चेतन शर्मा, सुमन शर्मा, मेडिकल टीम और गांव के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे और व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने इस जनसेवा शिविर को अत्यंत उपयोगी बताते हुए नवीन जिन्दल फाउंडेशन और सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में और अधिक बार ऐसे शिविरों की मांग की।

### प्रशासन द्वारा चिन्हित किए गए जंगल सफारी मार्ग

# 70 एकड़ में रिजर्व वायर, तैयारी में जुटा प्रशासन

- वन्य जीव संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता की दिशा में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। हरियाणा सरस्वती विरासत विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमच दौरा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सरस्वती बोर्ड द्वारा वन विभाग के सहयोग से सरस्वती संयोसर जंगल में लगभग 70 एकड़ क्षेत्र में रिज़र्व वायर (संरक्षित क्षेत्र) विकसित किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर संबंधित अधिकारियों की ओर से स्थल का दौरा किया गया, जिसमें प्रस्तावित क्षेत्र का निरीक्षण किया गया और विभिन्न आवश्यकताओं पर चर्चा हुई। हरियाणा सरस्वती विरासत विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती संयोसर जंगल में क़रीब 70 एकड़ में सरस्वती बोर्ड वन विभाग के साथ मिलकर रिज़र्व वायर बनाएगा। जिसको लेकर सरस्वती संयोसर जंगल में विज़िट किया गया। यहां पर करीब 70 एकड़ जगह देखी गई और जंगल सफारी के लिए भी मार्गों को चिन्हित किया गया, ताकि आम लोग जंगल में रहने वाले पशु-पक्षियों और प्रवासी पक्षियों को नज़दीक से देख सकें और उनके बारे में जान सकें। इसके तहत जंगल में एक सरोवर भी प्रस्तावित है, जिससे न केवल वन्य जीवों को पानी की सुविधा मिल सकेगी बल्कि वन क्षेत्र की हरियाली भी बनी रहेगी।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का यह उद्देश्य है कि हम ज्यादा से ज्यादा ऐसी वाटर बॉडी बनाएँ, जिससे भू जल में भी सुधार हो और पशु पक्षियों को भी पानी मिल सके। अभी तक सरस्वती बोर्ड ने 15 के करीब वाटर बॉडी बनाई है।

#### पर्यावरण संरक्षण जरूरी

यह परियोजना न केवल जैव विविधता के संरक्षण में सहायक होगी, बल्कि लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का भी माध्यम बनेगी। जंगल में उपयुक्त वातावरण मिलने से जीव-जंतुओं को सुरक्षित और अनुकूल निवास स्थान प्राप्त होगा, जिससे उनके अस्तित्व को संरक्षण मिलेगा। इस विज़िट के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने जंगल के विभिन्न हिस्सों का जायज़ा लिया और प्रस्तावित कार्ययोजना पर सहमति जताई।

# रक्तदान इंसान के जीवन की सबसे बड़ी सेवा : हुकम मैहला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



गुहला चीक। रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर

गुहला के गांव माजरी में शहीद ऊधम सिंह कंबोज के शहीदी दिवस के अवसर पर ग्रामवासियों और 'नेकी का घर' संस्था द्वारा एक विशाल स्वास्थ्य एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रक्तदान, रक्त जांच, नेत्र परीक्षण, दंत जांच तथा मुफ्त दवाओं का वितरण किया गया। ग्रामीणों ने इस आयोजन में बढ़-चढ़ कर भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का भरपूर लाभ उठाया।

शिविर में शाम धाम ब्लड बैंक कैथल की टीम द्वारा रक्तदान का कार्य संपन्न किया गया, जिसमें कुल 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदाताओं की इस सेवा भावना को सराहते हुए पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने उन्हें मैडल और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, "रक्त का कोई विकल्प नहीं होता, यह केवल इंसान से ही मिल सकता है। रक्तदान एक पुण्य का कार्य है और जो व्यक्ति यह करता है, वह समाज की सच्ची सेवा करता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर रक्तदान करें ।

**NOTICE**

I, Subhash Son of Sh. Jodha Resident of VPO. Dhanauri, Distt. Kaithal, Haryana-136027 declared that my Old name is Subhash Chand and I want to change my name from Subhash Chand to Subhash.

## खबर संक्षेप

### जीवन में हर व्यक्ति अवश्य करें पौधरोपण

**जींद ।** नेहरू युवा केंद्र ने गांव डाहौला में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता और पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। जिसमें छात्राओं ने भाग लिया। एक पेड़ मां के नाम विषय पर प्रियंका ने पहला स्थान पाया। दूसरा स्थान खुशी को मिला। तीसरे स्थान पर फ्रूटी रही। इससे पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता बढ़ती है। साथ ही माताओं के प्रति सम्मान भी बढ़ता है। कार्यक्रम में राजबाला ने कहा कि जब तक पर्यावरण को नहीं बचाएंगे तब तक गर्मी और सर्दी का असर बढ़ेगा।

### सत्यपाल पातलान 38 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त

**जींद।** शामलो कलां के रावमावि से 38 वर्षों की सेवा के बाद पीजीटी पॉलिटिकल साइंस के पद से सत्यपाल पातलान सेवानिवृत हो गए। अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी ने उन्हें एक मोमेंटो और शाल देकर सम्मानित किया गया। प्रधान राजेश पहलवान व सेवानिवृत मुख्य अध्यापक दलबीर आल्याहन ने उनके कार्यकाल को सराहा।

### विवाहिता से मारपीट करने के आरोप में पति पर केस

**कैथल।** थाना शहर कैथल पुलिस में एक विवाहिता को मानसिक रूप से परेशान करने तथा मारपीट करने के आरोप में उसके पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गोविंद कॉलोनी कैथल की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व तरुण के साथ रीति रिवाज अनुसार हुई थी। आरोप है की शादी के समय से लेकर अब तक उसका पति उसे मानसिक रूप से परेशान करता था तथा मारपीट करता था।

### रक्षाबंधनः राखियों और रक्षा सूत्र से सजे बाजार

**राजौंद।** रक्षा बंधन को लेकर बाजारों में चहल पहल शुरू हो चुकी है। बहनों द्वारा जहां भाईयों को डाक द्वारा राखियां व रक्षा सूत्र भेजे जा रहे है वहीं दुकानों पर सजी भिन्न भिन्न प्रकार की राखियां हर किसी को अपनी और आकर्षित कर रही है। राखी पर्व पर भी महंगाई का साया पड़ता दिखाई दे रहा है, लेकिन इसके वितरित बहने राखियों को खरीद रही हैं। भाई-बहन के पवित्र प्रेम के रिश्ते को धन दौलत से तोल कर नहीं देखा जा सकता। हालांकि बाजार में इस समय 5 रुपये से लेकर 300 रुपये तक की कीमती राखियां मिल रही हैं।

### थर्ड डिग्री मामलाः उच्च न्यायालय में हुई सुनवाई

**कैथल।** सीवन में पूछताछ के लिए बुलाई गई महिला ममता पर पुलिस की ओर से थर्ड डिग्री टॉर्चर आरोप मामले में वीरवार को भी पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई गई। इस दौरान हाईकोर्ट में सामने आया कि मामले में जांच कर रही करनाल की एसआईटी ने पुलिस के पक्ष की ओर से कोर्ट में बयान दर्ज करवा दिए, लेकिन ममता के बयान अब तक दर्ज नहीं करवाए हैं। ऐसे में ममता पक्ष की ओर से ममता के बयान दर्ज करने की मांग की है। ऐसे में अब महिला ममता के केस में आगामी छह अगस्त को फिर से हाईकोर्ट में सुनवाई होगी।

## दिनभर रूक-रूक कर गिरती रही बारिश का फुहारें, चार डिग्री लुढका तापमान

# खेतों में सोना बनकर बरसीं बारिश की फुहारें, जलभराव से हुई परेशानी

जिले में 16.57 एमएम बरसात, जुलाना में 31 एमएम बारिश दर्ज, आगे भी बन रहे बारिश के आसार, बरसात के बाद उमस से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिले में मानसून की सक्रियता वीरवार को हुई झमाझम बारिश ने उमस से राहत के साथ किसानों के भी न्यारे वारे कर दिए है। फसलों को भी काफी फायदा पहुंचा है। दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है।

दिनभर रूक-रूक फुहार पड़ती रही और मौसम सुहाना बना रहा। वीरवार को जिले में औसतन 16.57 एमएम बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बारिश जुलाना में 31 एमएम दर्ज की गई। उचाना में बूंदाबांदी दर्ज की गई। वीरवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 95 प्रतिशत तथा हवा कि गति छह किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। आकाश में छाए बादलों से बारिश के आसार भी बने रहे। मौसम विभाग ने ऐसी संभावना जताई है।





जींद । पटियाला चौक पर जमा हुआ बारिश का पानी। फोटो : हरिभूमि

### मौसम हुआ सुहावना

वीरवार को दिन का आगाज आकश में छाए बादलों तथा बूंदाबांदी के साथ हुआ। यह सिलसिला रूक-रूक कर दिनभर जारी रहस। मौसम दिनभर सुहाना बना रहा। तापमान में भी चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। वीरवार को जींद मे 29 एमएम जुलाना में 31 एमएम, नरवाना में 15 एमएम, सफीदों में आठ एमएम, पिल्लूखेड़ा में 18 एमएम, अलेवा में 15 एमएम बारिश दर्ज की गई। बादलों के छाए रहने से शाम को भी बारिश के आसार बने रहे।

### गर्मी से खराब हो रही थी फसलें

मानसून सीजन में अबतक बारिश कम हुई है। बारिश कम होने के कारण किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। वीरवार को हुई झमाझम बारिश ने किसानों को काफी राहत दी है। दिन भर रूक-रूक कर पड़ी बारिश की फुहार खेतों में सोना बन कर बरसी है। कम बारिश के कारण फसलों पर भी विपरित प्रभाव पड़ रहा था। खेतों में दरार पडने लगी थी। बारिश से फसलों को काफी फायदा पहुंचा है। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मानसून की सक्रियता से बारिश हुई है। फसलों को अच्छा फायदा पहुंचा है। फसलों में पानी की कमी भी कुछ हद तक पूरी हुई है।



### मूसलाधार बरसात से रास्ते बंद

**राजौद।** वीरवार को सुबह से रुक रुक कर हो रही बरसात से कैथल असंध मार्ग रास्ता अवरुद्ध हो गया। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मुख्य मार्ग पर बने तीन तीन फुट बने गहरे गड्ढे आने जाने वाले वाहन चालकों को वाहन निकालने के लिए बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। देर रात एक ट्रक कैथल से असंध की ओर जा रहा था। लेकिन सड़क दिखाई न देने के कारण वह ट्रक गड्ढे में धंस गया। जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दुकानदार कालू, कुलदीप, प्रताप, दलबीर ने बताया कि कई बार मोटरसाइकिल वाहनों के लिए तो बड़ा ही मुश्किल हो जाता है हजारों की संख्या में स्कूल व कॉलेज में जाने वाले छात्र-छात्राओं को पैदल चलकर स्कूल जाना होता है जिस कारण बच्चों की शिक्षा पर भी बहुत बुरा असर पड़ रहा है।लेकिन कई बार प्रशासन व संबंधित विभाग को अवगत करवा चुके हैं।



### बरसात से खराब हुआ मंदिर का रास्ता

**राजौद।** राजौंद के दुर्गा मंदिर को जाने वाली गली में बरसात के कारण रास्ता पूरी तरह खराब हो गया। मंदिर में जाने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। आलम यह है कि सड़क से कोई पैदल भी नहीं गुजर सकता। सुबह से हो रही बरसात के बाद गुरुवार को मंदिर में श्रद्धालुओं को जाते समय बहुत परेशानी हुई कई श्रद्धालु तो मंदिर में पहुंच ही नहीं पाए। यह समस्या पिछले कई दिनों से बन रही है। बता दें कि यहां पेगा मार्ग पर जल घर के निर्माण का कार्य चल रहा है। जहां से बड़े-बड़े डंपर अवर लोड मिट्टी लेकर यहां से गुजरते हैं। पूरी गली को खस्ता हालत बनाकर रख दिया है बरसात के बाद तो यहां का जीवन लोगों के लिए नरक बना हुआ है। कोई भी व्यक्ति पैदल नहीं गुजर सकता न ही कोई वाहन गुजर सकता है।जबकि प्रशासन को कई बार इन डंपरों को किसी और रास्ते से निकलने के लिए कहा गया है। लोगों ने कहा है कि डंपरों को यहां से बंद किया जाए।

# भाकियू प्रधान के घर पहुंचा निगम प्रशासन

- टयूबवेल कनेक्शनों का सीनियरिटी मामला, प्रधान ने लगाए थे आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलेवा

भाकियू व किसानों द्वारा टयूबवेल कनेक्शन सीनियरिटी मामले में नगूरां निगम एसडीओ तथा जेई पर धांधली के आरोपों में निगम एसडीओ तथा जेई व अन्य कर्मचारियों के साथ वीरवार को भाकियू के जिला प्रधान कुलदीप शाहपुर के घर पहुंचे। जहां दोनों पक्षों में मामले को लेकर कई घंटो तक बातचीत का दौर चला। आखिरकार निगम प्रशासन ने मामले को लेकर भविष्य में सीनियरिटी के हिसाब से किसानों को टयूबवेल कनेक्शन देने की बात कही। भाकियू के जिला प्रधान कुलदीप शाहपुर ने बताया वीरवार को टयूबवेल कनेक्शन सीनियरिटी मामले में निगम एसडीओ आन्नंद कुमार तथा जेई के अलावा निगम के अन्य कर्मचारियों के साथ बातचीत हुई है। जिसमें निगम एसडीओ ने मौसम साफ होते ही सीनियरिटी के हिसाब से किसानों को टयूबवेल कनेक्शन देने की बात कही है। गौरलब है कि बुधवार को भाकियू व किसानों ने बिजली निगम नगूरां के जेई तथा एसडीओ पर सीनियरटी तोड़ धांधली कर लिस्ट में पीछे के किसानों को टयूबवेल कनेक्शन देने के आरोप लगाए थे। भाकियू तथा किसानों का कहना था कि शाहपुर निवासी पालेराम का लिस्ट में 11वां नबंर होने के बाद भी निगम द्वारा उसको अभी तक टयूबवेल कनेक्शन नहीं दिया गया है। जबकि उसके पीछे के काफी किसानों को टयूबवेल कनेक्शन मिल चुके हैं। सरकार द्वारा 2019-21 तक अप्लाई कर चुके 109 किसानों को टयूबवेल कनेक्शन देने की अधिसूचना जारी की थी, लेकिन निगम अधिकारियों ने सरकारी नियमों को ताक पर रख कर सीनियरिटी तोड़ कर पहुंच वाले लोगों के टयूबवेल कनेक्शन जारी कर दिए। जिसके कारण किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर अनेक बार संबंधित जेई से मिल चुके हैं लेकिन उनके द्वारा हर बार टरकाने का काम किया। किसानों को सीनियरिटी के हिसाब से टयूबवेल कनेक्शन नहीं मिल रहे हैं। अगर दो दिन में किसान का टयूबवेल कनेक्शन चालू नही किया तो यूनियन किसानों के साथ बिजली निगम नगूरां में धरना देने के अलावा प्रदेश के बिजली मंत्री अनिल विज से भी मिलेगी।



जींद। रोष जताते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

### मौसम साफ होते ही जल्द होंगे कनेक्शन : एसडीओ

बिजली निगम नगूरां के एसडीओ आन्नंद कुमार ने बताया कि टयूबवेल कनेक शन मामले में वीरवार को भाकियू जिला प्रधान कुलदीप शाहपुर के घर पहुंचे थे। जिसमें दोनों तरफ से बातचीत हुई। जल्द मौसम साफ होते ही सभी किसानों के टयूबवेल कनेक शन कर दिए जाएगें।

# जम्मू- कश्मीर में आतंकवाद की समस्या कांग्रेस की देन : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



टेकराम कंडेला

- कांग्रेस ने अपने राजनीतिक फायदे के लिए आतंकवाद को बढ़ावा दिया।

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व चेयरमैन व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की समस्या कांग्रेस पार्टी की देन है। अगर कांग्रेस पार्टी अपने फायदे की राजनीति की शिकार ना होती तो देश के टुकड़े नही होते और न ही कश्मीर में आतंकवाद की समस्या होती। अपनी पार्टी को बनाए रखने के लिए व देश पर राज करने के लिए अनेक प्रकार के संगठनों का साथ दिया है, जो आज बड़े-बड़े आतंकवादी संगठन बन चुके हैं और देश को बहुत हानि हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के शासन में पूरे देश में जो भी भ्रष्टाचार व आतंकवाद व नक्सलवाद समाप्त करने का काम किया है। मनोहर लाल सरकार ने जो हरियाणा में मुख्यमंत्री होते हुए भ्रष्टाचार व सम्मान विकास व नौकरियों में पारदर्शिता दिखाई थी, वह आज भी कायम है। जिस प्रकार से हरियाणा में युवाओं को नौकरी मिल रही है।

नायब सिंह सैनी की सरकार में भी कायम है जो पिछले दिनों सीईटी की परीक्षा के दौरान देखा गया, जिसमें किसी प्रकार की कोई धांधली नहीं हुई है और ट्रांसपोर्ट की मुफ्त सुविधा देकर सराहनीय काम किया है। जिससे पूरे प्रदेश की जनता खुश है। पिछली सरकारों में नौकरियों में जो पर्ची और खर्ची चलती थी, उसे हरियाणा प्रदेश की जनता को छुटकारा मिल गया है। लोस चुनाव में जो इंडिया गठबंधन हुआ था, वह देश में सरकार आने पर लूट मचाने के लिए बना था लेकिन ऐसा ना हो पाया और गठबंधन विधानसभा चुनाव में पूरी तरह से टूट चुका है।

### फिर एनडीए सरकार

कंडेला ने बिहार के चुनाव पर बोलते हुए कहा है कि बिहार में जो लालू प्रसाद यादव का गुंडाराज व भ्रष्टाचार जनता पहले ही देख चुकी है, अब आने वाले चुनाव में बिहार में एनडीए की सरकार बनना लगभग तय है।

## भद्रा काल के कारण आठ अगस्त को नही बांधी जाएगी राखी : राजू शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



राजू शर्मा पुजारी।

- 8 को दोपहर 2.12 से 9 को दोपहर 1.21 बजे तक शुभ मुहुर्त।

भाई.बहन के प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व इस बार नौ अगस्त शनिवार को मनाया जाएगा। हिंदू धर्म के अनुसार रक्षाबंधन सावन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है लेकिन इस वर्ष भद्रा काल के कारण तिथि को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। उचाना कलां के प्राचीन शिव मंदिर पुजारी राजू शर्मा ने बताया कि पूर्णिमा तिथि आठ अगस्त को दोपहर 2 बजकर 12 मिनट पर शुरू होकर 9 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 21 मिनट तक रहेगी लेकिन 8 अगस्त की दोपहर 2:12 से लेकर 9 अगस्त की सुबह 1:52 तक भद्रा काल रहेगा। जो अशुभ माना जाता है। मान्यता है कि भद्रा काल में राखी नहीं बांधी जाती। इसलिए इस बार रक्षाबंधन 9 अगस्त को उदया तिथि में मनाया जाएगा।

### भाई बहन का पर्व

रक्षाबंधन पर बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांध कर उसकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं, जबकि भाई बहन को जीवन भर उसकी रक्षा का वचन देता है। इस दिन घरों में उत्सव जैसा माहौल रहता है, मिठाइयों और उपहारों का आदान प्रदान होता है। राखी बांधने की थाली में राखी, रोली, चावल, दीपक, मिठाई और नारियल अवश्य शामिल करें।

## चरमराई सफाई व्यवस्था, सड़कों पर पर मेडिकल वेस्ट ले रहा गोवंश की जान

- शहर के निजी अस्पताल निस्तारण की बजाय सड़कों पर डाल रहे वेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

नरवाना शहर में जगह.जगह सड़कों पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं और प्रशासन मौन है। डोर टू डोर कचरा उठाने का टेंडर 15 से 20 दिन पहले हो चुका है लेकिन कचरा उठाने का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है। नप से सवाल करो तो रटा रटाया जवाब मिलता है कि अप्रुवल के लिए हैड आफिस भेजा गया है उसके बाद काम शुरू होगा। अस्पताल के संचालक उनका मेडिकल वेस्ट सड़कों पर डाल देते हैं। उसको खा कर गोवंश बीमार हो रहे हैं और मर भी रहे हैं। लेकिन शहर के रखवाले मौन धारण किए हुए हैं और मौत का तांडव देख रहे हैं। तीर्थ राज चिकित्सालय में कार्यरत राम जाने रैबारी ने बताया कि काफी समय से मेडिकल वेस्ट सड़कों पर अस्पताल संचालकों द्वारा डाली जा रही है। जिसके खाने से बीमार होकर गोवंश की मौत हो रही है।



जींद । मेडिकल वेस्ट खा कर लमलेट हुआ गोवंश फोटो : हरिभूमि

### कड़ी कार्रवाई हो

नप सभापति मुकेश मिर्धा के प्रतिनिधि विशाल मिर्धा से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि डोर टू डोर का टेंडर चंडीगढ़ भिजवाया गया हैए वहां से आने के बाद ही काम शुरू होगा। मेडिकल वेस्ट की उसको उठाने के लिए गाड़ी जींद से आती हैं वो ही लेकर जाती है। इसमें नप का कोई रोल नहीं है। सड़कों पर मेडिकल वेस्ट डालने वाले अस्पतालों के खिलाफ प्रशासन को सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। विडम्बना है कि एक तरफ तो मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि दो माह के अन्दर सभी गोवंश गोशालाओं में रखने का इंतजाम किया जाएगा दूसरी ओर प्रशासन की लापरवाही से मैडिकल वेस्ट खा कर गौवंश बीमार हो रहे हैं और मर भी रहे हैंए प्रशासन मौन है।

## गीतकार असीम राना को मिलेगा साहित्य सम्मान

- स्व. रामरतन शर्मा की स्मृति में साहित्यकारों को मिलता है सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

असीम राणा को साहित्य सम्मान क्षेत्र के प्रसिद्ध कविएगीतकार व लेखक असीम राना को साहित्य के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए द्वितीय प्रोफेसर रामरतन शर्मा साहित्यिक सम्मान से नवाजा जायेगा। मानव मित्र मंडल के सचिव नरेश वत्स ने बताया कि नरवाना क्षेत्र के साहित्यकारों को सम्मानित करने के लिए यह पुरस्कार गत वर्ष आरंभ किया गया था। यह पुरस्कार मानव मित्र मंडल के संस्थापक स्व रामरतन शर्मा की स्मृति में दिया जाता है।मानव मित्र मंडलएप्रगतिशील समाज की संयुक्त बैठक में सर्वसम्मति से साहित्यकार असीम राना को इस वर्ष का सम्मान देने का निर्णय लिया गया है।असीम राना की दस पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और उनके गीत भारत के प्रसिद्ध गायक गा चुके हैं।वे मंच संचालन व अभिनय में भी सिद्ध हस्त है। सम्मान में नकद राशि, प्रशंशा पत्र व रजत कमल दिया जाता है। कार्यक्रम की घोषणा जल्द की जाएगी। जिसमें प्रसिद्ध साहित्यकार भाग लेंगे। एसडी महिला कॉलेज एलायंस क्लब, नारायण सेवा संस्थान, साईं समिति का भी सहयोग रहेगा। इस मौके पर दिनेश गोयल, अनिल गर्ग, कर्मचंद मित्तल, महावीर गुप्ता, अचल मित्तल, सुमित गर्ग, कल्पना शर्मा, शालू गर्ग, सुमन ढांडा, राहुल शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

## कल सिरसा में काला दिवस मनाएगा एसकेएस, पुरानी पेंशन बहाली की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

- डीसी ऑफिस पर धरना देंगे कर्मचारी संगठन।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की सिरसा इकाई ने नई पेंशन स्कीम और यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के विरोध में 1 अगस्त 2025 को ष्काला दिवसष मनाने की घोषणा की है। प्रधान ललित सौलंकी ने बताया कि कल सभी विभागीय यूनियनए जो सर्व कर्मचारी संघ से जुड़ी हुई हैंए इस आंदोलन में हिस्सा लेंगी। उन्होंने बताया कि इस विरोध को चिह्नित करते हुए सभी कर्मचारी काले बिल्ले लगाकर अपनी.अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहेंगेए ताकि सरकार को यह स्पष्ट संदेश दिया जा सके कि कर्मचारी वर्ग नई पेंशन स्कीम को किसी भी स्थिति में स्वीकार करने को तैयार नहीं है। पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति द्वारा भी इसी मुद्दे को लेकर कल शाम 3 बजे से 5 बजे तक जिला मुख्यालय पर एक शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर विरोध करेंगे।

### शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन

सौलंकी ने बताया कि यह विरोध कार्यक्रम पूर्णतरू लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किया जाएगा और इसके माध्यम से सरकार को चेताया जाएगा कि यदि कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी की गईए तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा। कर्मचारी संगठनों ने जिले भर के सभी विभागों के कर्मचारियों से आह्वान किया है कि वे इस काला दिवस में सक्रिय भागीदारी करें और पुरानी पेंशन बहाली की इस मुहिम को मजबूती प्रदान करें।

## कृषि विशेषज्ञों ने गांवों में किसानों को आधुनिक पद्धति से खेती करने के लिए किया जागरूक

# मक्का से बदलेगी जिले में खेती की तस्वीर: डॉ. एसएल जाट

- खरखड़ा, भाटिया और हरिगढ़ किंगम गांवों में किसान प्रशिक्षण शिविरों का किया आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला चीका

भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान, लुधियाना ने खाद्य एवं कृषि संगठन, रोम द्वारा वित्त पोषित परियोजना /"हरियाणा और पंजाब के चयनित ब्लॉकों में मक्का की टिकाऊ खेती से संबंधित तकनीकी सहायता एवं किसानों का क्षमता निर्माण/" के अंतर्गत आज कैथल जिले में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । बृहस्पतिवार को जिले के गुहला ब्लॉक के खरखड़ा, भाटिया और हरिगढ़ किंगम गांवों में किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन गांवों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 120 से अधिक किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को मक्का की उन्नत, टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल खेती पद्धतियों से अवगत कराना है किसानों को चावल हेतु उपयुक्त विकल्प के रूप में मक्का पर चर्चा हुई।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं परियोजना प्रमुख अन्वेषक डॉ. एस.एल. जाट ने किसानों को खरपतवार प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीकों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि खरपतवार नियंत्रण मक्का की गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, और इसके लिए समय पर उचित उपाय अपनाना आवश्यक है। गुहला ब्लॉक के कृषि विकास अधिकारी डॉ. ईश्वर कुमार ने मक्का, धान और अन्य फसलों में आधुनिक पद्धतियो से खेती करने, कीट और बीमारियों के बारे में विस्तृत चर्चा की।



गुहला चीका । डॉ. एस.एल. जाट किसानों को मक्का फसल बारे जानकारी देते हुए

### मक्का बनेगा धान का बेहतर विकल्प

कार्यक्रम में किसानों ने बताया कि वे अब धान की खेती से काफी परेशान हैं, क्योंकि इसमें पानी की अधिक आवश्यकता के साथ नई-नई बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ रहा है। ऐसे में मक्का एक बेहतर विकल्प के रूप में सामने आया है, जो कम पानी में अच्छी उपज देती है। किसानों ने कहा कि वे अब मक्का की खेती की ओर अग्रसर हैं और टिकाऊ खेती अपनाने को लेकर पूरी तरह तैयार हैं। कार्यक्रम में आईआईएमआर से डॉ. मनीष ककरालिया, रिसर्च एसोसिएट और शुभम सैनी, यंग प्रोफेशनल भी उपस्थित रहे। आगामी दिनों में परियोजना के अंतर्गत अन्य चयनित गांवों में भी इसी प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### समय पर करें बिजाई

उन्होंने किसानों को बताया कि इस समय धान में बौनेपन की समस्या देखी जा रही है। यह रोग मुख्यतः उन खेतों में ज्यादा दिखाई दे रही है जंहा 25 जून से पहले रोपाई की गई है और सफेद पीठ वाला फुदके का नियंत्रण नही हुआ है। संस्थान के निदेशक डॉ. एच.एस. जाट ने संदेश दिया कि /"मक्का अब केवल एक खाद्य फसल नहीं, बल्कि एक औद्योगिक फसल बन गई है, जिसका उपयोग बड़े स्तर पर इथेनॉल जैसे जैव-ईंधन के उत्पादन में किया जा रहा है। वर्तमान में भारत में 10-15 मिलियन टन से अधिक मक्का का उपयोग इथेनॉल निर्माण में किया जा रहा है, जिसे आने वाले समय में और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है।/"